Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to increase the number of doctores, ICU beds, Neuro and Trauma beds in AIIMS, Patliputra.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): **अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र के अंतर्गत फुलवारी विधान सभा क्षेत्र एम्स की तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अकृष्ट करना चाहता हूँ । महोदय, कुछ वर्षों पहले वहां पर एम्स प्रारंभ हुआ था और उस सयम अटल जी की सरकार थी । यह एम्स कार्य कर रहा है । जो कमी है, उसको दूर करने का प्रयास वर्तमान भारत सरकार ने की है । अभी भी बड़े पैमाने पर वहां कमियां हैं । प्रतिदिन वहां औसतन चार रोगी ओपीडी में आते हैं । चूंकि यह पूरे बिहार का पहला एम्स है, इसलिए उस पर काफी लोड है । न सिर्फ पटना से लोग वहां पर आते हैं, बल्कि बिहार के अन्य भागों से भी आते हैं । इतना ही नहीं नेपाल के इलाकों से भी लोग आ कर वहां इलाज कराते हैं । इस प्रकार से वहां पर लोड कुछ ज्यादा ही है । वहां पर 37 डिपार्टमेंट्स काम कर रहे हैं । तीन-चार महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट्स ऐसे हैं, जिनमें डॉक्टर्स ही नहीं हैं । न्यूरोलॉजी, ऑनकलॉजी, हेमटोलॉजी आदि डिपार्टमेंट्स में नहीं हैं । आइसीयू के बेड्स कम हैं । जनरल बेड्स कम हैं, जिसकी वजह से वहां बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से मेरा पहला आग्रह यह होगा कि जो डॉक्टर्स की कमी है, उसको दूर करें । साथ ही साथ आईसीयू के बेड्स कम हैं, न्यूरो और ट्रॉमा के बेड्स कम हैं, उनकी संख्या बढ़ाएं ताकि बिहार के लोगों के अलावा अन्य दूसरे इलाके से भी बड़ी संख्या में जो रोगी आते हैं, उनका इलाज हो सके । यही आग्रह करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ ।**